# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखीमपुर खीरी में देश के पहले बायोपॉलिमर संयंत्र की रखी आधारशिला : गोला गोकर्णनाथ शिव मंदिर कॉरीडोर समेत 373 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
3. महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वालों की संख्या पहुंची साठ करोड़ के पार : केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा और केरल के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने आज संगम में लगाई डुबकी।

और

4. काशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि के लिए किये जा रहे विशेष प्रबंध : ट्रस्ट ने भारी भीड़ के चलते दिव्यांगजनों, बच्चों और वृद्धजनों से ऑनलाइन दर्शन का किया अनुरोध।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखीमपुर खीरी के कुंभी चीनी मिल परिसर में 2 हजार 850 करोड़ की लागत से दश के पहले बायोपॉलिमर संयंत्र का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बायोप्लास्टिक प्लांट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करेगा। उन्होंने बताया कि बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड द्वारा स्विटजरलैंड, आस्ट्रिया की तकनीक को जोड़कर कुंभी में लगाया जा रहा यह संयंत्र दुनिया का पहला इंटीग्रेटेड पीएलए प्लांट है और भारत का पहला बायोप्लास्टिक प्लांट है। इससे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और किसानों की आमदनी में बढ़ातरी होगी।

बाइट...

*दुनिया का पहला इंटीग्रेटेड पीएलए प्लांट है और भारत का पहला बायो प्लास्टिक प्लांट है जो यहा पर प्लास्टिक का एक स्ब्टीट्यूट लेकर के जीरो लेट के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ेगा, आज उत्तर प्रदेश के अंदर निवेश के लिए जो अनुकूल वातावरण बना है आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में उनके नेतृत्व में आज उस प्रकार का उत्तम वातावरण प्रदान करने में हमें सफलता प्राप्त हो रही है।*

इसके बाद मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में गोला गोकर्ण नाथ शिव मंदिर कॉरीडोर के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने एक हजार 622 करोड़ रूपये की 373 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और

शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लखीमपुर खीरी पर्यटन की दिशा में नये युग की शुरूआत को आगे बढ़ायेगा। उन्होंने कहा कि गोला गोकर्ण कॉरीडोर को बनाने के लिए विस्थापित परिवारों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। सौन्दर्यीकरण के साथ–साथ लोगों के जीवन को सुगम बनाना सरकार की प्राथमिकता है। बाइट...

*लगातार विकास के पथ पर अग्रसर ये जनपद योग्यजन प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में जनता की बुनियादी सुविधाएं हो, रोजगार की उपलब्धता हो, विकास की नई–2 परियोजनाओं का आगे बढ़ाने का कार्यक्रम हो, उन सभी को द्रुतगति से आगे बढ़ाया जा रहा है और उसी क्रम में आज मुझे शिवरात्रि के ठीक पहले यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है।*

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

———————

प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या आज साठ करोड़ के पार पहुंच गयी। पवित्र संगम में आज देर शाम तक एक करोड़ से अधिक

लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ में विशिष्ट लोगों का आना भी निरंतर जारी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने संगम में डुबकी लगाइ और पूजा–अर्चना की। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे। इसके बाद श्री नड्डा ने लेटे हनुमान मंदिर और अक्षय वट का दर्शन–पूजन किया। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि ने भी पवित्र स्नान किया। उन्होंने कहा कि यह दिव्य और भव्य महाकुंभ सनातन संस्कृति की जीवन अभिव्यक्ति है, जो भारत की अखंडता, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता है। केरल के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर ने भी संगम में स्नान करने के बाद कहा कि यह आस्था और देश की राष्ट्रीय एकात्मकता का कुंभ है। बाइट...

*हमारे देश की पुरातन परम्परा जो है इसको यहां फिर एक बार हमने उजागर करके दिखाया है और इसके लिये अपने यहां के मुख्यमंत्री आदरणीय योगी जी को मैं बहुत–बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। आस्था का तो कुंभ है यह लेकिन हमारे देश के राष्ट्रीय एकात्मकता का एक नये तरीके से कुंभ है। पूरे देश भर के करोड़ों भावुक लोग यहां आते हैं और आस्था की डुबकी लगाते हैं ओर यहां से जाते समय हम एक राष्ट्र हैं।*

————————

प्रयागराज महाकुंभ के सम्पन्न होने में अब सिर्फ चार दिन शेष रह गये हैं। कल रविवार और 26 फरवरी को होने वाले महाशिवरात्रि के अंतिम महत्वपूर्ण स्नान को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। प्रयागराज के जिलाधिकारी

रविन्द्र मादंड़ ने बताया कि श्रद्धालुओं को भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे, ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए विधिवत प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए लगातार सभी अधिकारी और कर्मचारी ऑन फील्ड रहकर निगरानी कर रहे हैं।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर विशेष प्रबंध किये जा रहे हैं। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर काशी में नागा सन्यासियों के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। सुलभ और सुरक्षित दर्शन के लिए श्री काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने

दिव्यांग, छोटे बच्चे और वृद्धजनों से अनुरोध किया है कि वे घर पर रहकर ही भगवान शिव के ऑनलाइन दर्शन प्राप्त कर सकते हैं। बाइट...

इस वर्ष का जो महाशिवरात्रि का उत्सव होगा वह और भी महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि विश्व का सबसे बडा उत्सव महाकुंभ इस समय चल रहा है और महाकुंभ की समाप्ति महाशिवरात्रि के स्नान के साथ ही होती है। उस दिन यहां काशी में सभी नागा सन्यासी भी उपस्थित होते हैं। बड़ी संख्या में नागाओं का आगमन होता है। उनका भी स्वागत पुष्प वर्षा के साथ करने का प्रबंध श्री काशी विश्वनाथ न्यास ने किया है इसके अतिरिक्त जो हमारी पहले से महाकुंभ के पलट प्रवाह के दृष्टिगत जो दर्शनार्थी यहां आ रहे हैं उनके लिए हमने पहला जो एण्ड टू एण्ड रेलिंग से लेकर चिकित्सा सुविधाएं खोया पाया केंद्र, लाइनों में लगे श्रद्धालुओं को पानी पिलाने की सुविधा, गुड़ की व्यवस्था, साफ–सफाई की व्यवस्था, अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की व्यवस्था यह सारा कुछ किया गया है।

——————————

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज उत्तर प्रदेश विधानसभा गैलरी का भ्रमण कर वहां के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण कार्यों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा परिसर में स्थित विभिन्न भित्तिचित्रों, अत्याधुनिक सुविधाओं, डिजिटल गैलरी और विधानसभा की ऐतिहासिक धरोहर को संजोने वाले नवाचारों को देखा और उनकी सराहना की। राज्यपाल ने डिजिटल म्यूजियम, साउंड ऐंड लाइट शो, विधान सभा के कार्यालय, बैठक कक्ष, राजर्षि पुरुषोत्तम दास हॉल, विधान सभा मंडप, संसदीय दल के कार्यालय का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विधानसभा में हुए सौंदर्यीकरण और नवीनीकरण कायों की सराहना करते हुए

कहा कि यह आधुनिक तकनीकों और सांस्कृतिक धरोहर के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इन नवाचारों से आम जनता और जनप्रतिनिधियों को उत्तर प्रदेश विधानसभा के ऐतिहासिक महत्व और कार्यप्रणाली को समझने में सहायता मिलेगी।

—————————

केन्द्रीय बिजली और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने आज ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोमार्ट में इलेक्ट्रिकल और इलेक्टॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन का  उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर कन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पॉवर सेक्टर का बहुत बड़ा योगदान है।  उन्होंने कहा कि देश का बिजली क्षेत्र आज अर्थव्यवस्था में डेढ़ ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि 2030 तक भारत के 500 गीगावॉट के नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य रखा गया है। बाइट...

*देश को विकसित भारत बनाना है इस इकोनामिक ग्रोथ में पॉवर सेक्टर का बहुत बड़ा योगदान है। अभी जो हमारी पावन स्टेंथ है पावर स्टेंथ इकॉनामी में हम 1.5 ट्रिलियन डॉलर का योगदान कर रहे हैं अपना टारगेट तीन ट्रिलियन डालर करने का है। लक्ष्य को  पाने के लिए हमें अपनी गति को तेज करना होगा।*

—————————

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा वाराणसो में काशी तमिल संगमम के अंतर्गत ऋषि

अगस्त्य एवं विकसित भारत विषय पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई हैं, जिसमें आज छात्र–छात्राओं और दर्शकों के बीच पोस्टर पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागी विजेताओं को केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसो की ओर से पुरस्कार प्रदान किया गया।

——————————